# ग्राम पंचायत चन्हौता, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 04/2022 से 03/2024

## भाग-एक

**1 प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों के फ़लस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम-1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप-सचिव पंचायती राज विभाग के संशोधन पत्र संख्या पीसीएच-एचसी(5)-सी(15)एलएडी/2006-12669 दिनांक-07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश, राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत चन्हौता, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों का अंकेक्षण कार्य विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि 01-04-2022 से 31-03-2024 तक के दौरान ग्राम पंचायत चन्हौता में निम्नलिखित प्रधान एवं सचिव कार्यरत रहे :-**

**प्रधान**

| क्रम संख्या | पदाधिकारी का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री रोहित कुमार | 01-04-2022 से 31-03-2024 |

**सचिव**

| क्रम संख्या | सचिव का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री भिंदर कुमार | 01-04-2022 से 31-03-2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार**

ग्राम पंचायत चन्हौता, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है, जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु विशेष रूप से लाई जाती है।

| क्र० स० | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | पैरा संख्या | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 01. | बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने से रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में अन्तर | 5.1 | 2.24 |
| 02. | विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की राशि का अवरोधन | 6.1 | 27.00 |
| 03. | आपूर्तिकर्ताओं से बिना W, X फॉर्म प्राप्त किये अनियमित भुगतान के कारण सरकार को रॉयल्टी के तौर राजस्व की वित्तीय हानि। | 8.2 | 11.73<br>0.91 |
| 04. | ठेकेदारों/संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकारी राजकोष को वित्तीय हानि बारे। | 8.4 | 0.06 |
| 05. | औपचारिकताओं को पूर्ण किये बिना स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय बारे। | 9.1 | 9.85 |
| 06. | 14वें वित्तायोग से राशि का दुर्विनियोजन | 9.2 | 0.30 |
| 07. | निर्माण कार्य के दौरान शेष बची सामग्री का दुरूपयोग एवं माप पुस्तिकाओं में अन्य अनियमितताओं के कारण अधिक भुगतान बारे। | 9.3 व 9.4 | 0.10 |
| 08. | बिना मूल्यांकन किये ही निष्पादित निर्माण कार्यों पर अनियमित भुगतान। | 9.8 | 3.49 |
| 09 | बिना अनुदान के निष्पादित निर्माण कार्यों पर अनियमित व्यय। | 9.9 | 3.35 |
| 10 | क्रय स्टोर/स्टॉक का इन्द्राज स्टॉक रजिस्टर में न करना एवं संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही अनियमित भुगतान। | 9.11<br>9.12 | 9.85 |

**(ग) गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत चन्हौता का अंकेक्षण, अवधि 04/2015 से 03/2018 तक किया गया था जिसमें सम्मिलित अनिर्णीत पैरों के समायोजन बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/02 दिनांक 02-09-2024 एवं बार-बार मौखिक आग्रह उपरान्त कोई भी उत्तर पंचायत द्वारा अंकेक्षण समाप्ति तक नहीं दिया गया। जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है। गत अंकेक्षण पैरों पर कोई भी कार्रवाई न करना न केवल

नियमों के प्रतिकूल है, अपितु इससे अंकेक्षण का प्रयोजन ही निष्फल हो जाता है यह गम्भीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है। विगत अंकेक्षण प्रतिवेदन में शामिल पैरों पर शीघ्र ही कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये। वर्तमान अंकेक्षण उपरान्त अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरों की स्थिति निम्न प्रकार से है :-

**1. अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2015 से 03/2018 तक**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | पैरा स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | अनिर्णीत | - |
| 2. | 4 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित। |
| 3. | 5 (क) | अनिर्णीत | - |
| 4. | 5 (ख) | अनिर्णीत | - |
| 5. | 6 | अनिर्णीत | - |
| 6. | 7 (क) | अनिर्णीत | - |
| 7. | 7 (ख) | अनिर्णीत | - |
| 8. | 8 | अनिर्णीत | - |
| 9. | 9 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित। |
| 10. | 10 | अनिर्णीत | - |

## भाग- दो

### 2 वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत चन्हौता, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री पवन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 02-09-2024 से 07-09-2024 तक ग्राम पंचायत चन्हौता के कार्यालय में किया गया। वर्तमान निधि लेखों की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्न मासों का चयन किया गया। जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | आय चयनित माह | व्यय चयनित माह |
|---|---|---|---|
| 1. | 2022-2023 | 03/2023 | 05/2022 |
| 2. | 2023-2024 | 01/2024 | 12/2023 |

**अस्वीकरण:-** वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**3 अंकेक्षण शुल्क**

ग्राम पंचायत चन्हौता, विकास खण्ड भरमौर, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक के लेखों के अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹4800/- आँका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-09 को प्रेषित करने हेतु पंचायत सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/14 दिनांक 07-09-2024 द्वारा अनुरोध किया गया।

**4 वित्तीय स्थिति**

ग्राम पंचायत चन्हौता द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी :-

**4 (अ) स्व:-स्त्रोत व अनुदान**:-

ग्राम पंचायत चन्हौता के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक स्व:-स्त्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है। जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट-1 व 2** में भी दिया गया है:

**1. स्व:-स्त्रोत**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अंतिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 996167.00 | 1113263.00 | 2109430.00 | 465706.00 | 1643724.00 |
| 2023-24 | 1643724.00 | 290309.00 | 1934033.00 | 1389232.00 | 544801.00 |

2. अनुदान

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 3043829.00 | 5007380.02 | 8051209.02 | 5540959.02 | 2510250.00 |
| 2023-24 | 2510250.00 | 6440444.50 | 8950694.50 | 6250848.10 | 2699846.40 |

कुल योग (1+2) **₹544801.00 + ₹2699846.40 = ₹3244647.40**

**(ब) ग्राम पचांयत चन्हौता, का दिनांक 31/03/2024 को बैंक खातों में अन्तशेष विवरण**

| क्र० स० | अनुदान का नाम | खाता संख्या | बैंक का नाम | राशि 31-03-2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15th FC | 50100313556372 | HDFC Bharmour | **2516251.00** |
| 2. | 14th FC | 18410104728 | HPSCB Garola | **229.00** |
| 3. | PMAAY(G) | 99171100000287 | HPGB Garola | **381694.00** |
| 4. | 13th FC | 18410104277 | HPSCB Garola | **0.00** |
| 5. | IAY | 18410104275 | HPSCB Garola | **0.00** |
| 6. | RAY | 18410104276 | HPSCB Garola | **0.00** |
| 7. | General Head SF/5th SFC LADF/VKVNY/TASP etc. | 18410100467 | HPSCB Garola | **568538.00** |
| | | | Cash In hand | **1695.00** |
| | | | **TOTAL** | **3468407.00** |

**अन्तर (ब-अ) ₹3468407.00 - ₹3244647.40=₹223759.60**

**5.1 बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹2.24 लाख का अन्तर।**

अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत चन्हौता, द्वारा हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **7(3) व 10(1)** की अनुपालना में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की है। जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनांक 31-03-2024 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹223759.60 का अन्तर रोकड़बही में कम शेष के रूप में है। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा संख्या 4 में दिया गया है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-12 दिनांक 06-09-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, भविष्य में बैंक समाधान विवरणी मासिक आधार पर तैयार की जाएगी एवं वर्तमान अंतर का मिलान करके लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा। अतः भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा वर्तमान में अन्तर का अति शीघ्र मिलान भी किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**6.1 विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की राशि ₹27 लाख का अवरोधन।**

पंचायत द्वारा **परिशिष्ट 1 व 2** पर अनुदानों से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31-03-2024 तक अनुदान से प्राप्त अनुदान राशियों में से ₹2699846.40 की राशि (रोकड़ बही के अनुसार) उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था। जबकि पंचायत द्वारा अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओ से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है। यह अनियमितता सम्बंधित पंचायत के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के अकुशल वित्तीय प्रबन्धन को भी इंगित करता है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-12 दिनांक 06-09-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त स्पष्ट किया कि, भविष्य में प्राप्त अनुदान को समय पर खर्च किया जायेगा। अतः अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**7.1 पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया राशि ₹0.64 लाख की वसूली न करने बारे।**

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि, समस्त राजस्व को नियमित व अविलम्ब रूप से वसूलने व सम्बधित ग्राम पंचायत के खातों

में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 114 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा।

ग्राम पंचायत चन्हौता के अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत सचिव द्वारा सम्पति कर (गृहकर) रजिस्टर को संधारित नहीं किया गया था। जिस कारण सम्पति कर की वार्षिक मांग व गत बकाया बारे पुष्टि नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा धारा 114 के अनुरूप गृहकर का समय पर भुगतान न करने के लिए चूककर्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पंचायत द्वारा पंजीकृत परिवारों के आधार पर उपलब्ध करवाए गए अभिलेखानुसार निम्न ₹63660 राशि वसूली हेतु शेष थी।

| वित्तीय-वर्ष | गत शेष | कुल परिवार | दर | वर्ष के दौरान मांग | कुल मांग | कुल प्राप्त राशि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 48920 | 441 | 20 | 8820 | 57740 | 3060 | 54680 |
| 2023-24 | 54680 | 449 | 20 | 8980 | 63660 | 0 | 63660 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-13 दिनांक 07-09-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, पंचायत राजस्व की वसूली समय पर की जाएगी। उत्तर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है। अतः सम्पति/गृहकर की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क की कम वसूली तथा वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष में जमा न करने बारे।

हिमाचल प्रदेश विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 की धारा 22 एवं हि०प्र० सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)-1/97, दिनांक 17-12-2004 व SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04-10-2016 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marrige-8107-10 दिनांक 28-10-

2016 के अनुसार विवाह पंजीकरण के शुल्क की वसूली करने उपरान्त वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष के प्राप्ति शीर्षक खाता संख्या "0235-00-800-03" में विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जमा की जानी अपेक्षित है।

**(क) वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष में जमा न करना :-**

अभिलेखों के अंकेक्षण में पाया गया कि, उक्त पंचायत सचिव द्वारा संलग्न **परिशिष्ट 6** के अनुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर वसूली गई राशि ₹3975/- को सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाया गया था अपितु इसे पंचायत के सभा निधि के बैंक खाते में रखा गया है जोकि उक्त नियमानुसार अनुचित है।

**(ख) विवाह पंजीकरण उपरान्त अपेक्षित शुल्क तथा बिलम्ब शुल्क की वसूली न करना :-**

पंचायत अभिलेखों के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा विवाह पंजीकरण उपरान्त अपेक्षित शुल्क की वसूली नहीं की गई तथा कुछ मामलों में कम या विलम्ब शुल्क की वसूली नहीं की गई जिस कारण सरकार को विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर राशि ₹1600 की वित्तीय हानि जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट 6** में दिया गया है सम्बंधित सचिव की लापरवाही के कारण हुई है।

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या-13 दिनांक 07-09-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा बताया कि, विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली उपरान्त उसे शीघ्र ही सरकारी राजकोष में जमा करवा दिया जायेगा। अत: उपरोक्त राशि ₹5575 (3975+1600) की वसूली करने उपरान्त सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा गत वर्षों में इस प्रकार से सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाई गई राशि को भी जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये। भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**8.1 राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में पंचायत द्वारा चल-अचल सम्पतियों को दर्ज न करना।**

पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में वर्ष 2010-11 में पंचायत मिशन प्रोजेक्ट प्रारम्भ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न एप्लिकेशन्स हैं जिनसे पंचायत की दैनिक कार्रवाई जैसे कि, पंचायत द्वारा की गई सेवाओं, सामान के खरीद,

भुगतान एवं पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का (उनके वास्तविक मूल्य पर) इन्द्राज करना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत चन्हौता के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में अर्जित सभी चल-अचल सम्पतियों एवं किये गए कार्यों को इन्द्राज/दर्ज नहीं किया गया था। जबकि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि तक कई कार्यों को पूर्ण किया गया था। लेकिन पंचायत द्वारा कोई भी कार्य उक्त एप्लीकेशन में नहीं किया जा रहा है जोकि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पूर्णतया अवहेलना है। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-12 दिनांक 06-09-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का इन्द्राज राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका एप्लीकेशन में कर दिया जायेगा। अत: मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये।

**8.2 आपूर्तिकर्ताओं को बिना W, X फॉर्म के राशि ₹11.73 लाख का अनियमित भुगतान के कारण सरकार को रॉयल्टी के तौर पर ₹0.91 लाख के राजस्व की हानि।**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास (फॉर्म-W) या सप्लीमेंट्री ट्रांजिट पास (फॉर्म-X) का उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची अनुसार रॉयल्टी का भुगतान पेनल्टी सहित किया जाना अपेक्षित है।

परन्तु ग्राम पंचायत चन्हौता, के अभिलेखों के चयनित माहों के अंकेक्षण एवं पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर पाया गया कि पंचायत द्वारा उक्त नियमों एवं आदेशों की पूर्णत: अवहेलना की जा रही है। पंचायत द्वारा ठेकेदारों से अन्नापति प्रमाण पत्र/W,X-फॉर्म लिए बिना ही रेत,बजरी व पत्थर इत्यादि की आपूर्ति ली गई है। जिसके परिणामस्वरूप बिना W,X-फॉर्म लिए बिना जहाँ आपूर्तिकर्ताओं को राशि ₹1173288 का अनियमित भुगतान किया गया वही पर उक्त राशि पर सरकार को राशि ₹91063.34 (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "4"** में दिया गया है।) की रॉयल्टी की वित्तीय हानि भी हुई है।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 04 दिनांक 05-09-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि, नियमों की जानकारी न होने के अभाव में आपूर्तिकर्ताओं से रॉयल्टी की न तो कटौती की गई और न ही W, X फॉर्म लिए गए लेकिन इस सम्बन्ध में शीघ्र ही नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है क्योंकि उक्त फॉर्म उपरान्त ही क्रय किया जाना अपेक्षित था।

अत: उक्त प्रकरण से न केवल सरकारी राजस्व का वित्तीय रिसाव हो रहा है अपितु इससे अवैध खनन की संभावना को भी नहीं नकारा जा सकता। यह एक गम्भीर अनियमितता है जो उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाई जाती है। अत: इस अनियमितता को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उद्योग विभाग के नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये एवं कृत कार्रवाई/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.3 प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) के तौर पर राशि ₹0.56 लाख की सम्भावित वित्तीय हानि बारे।**

केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के प्रावधानों के अनुसार रेत, बजरी एवं पत्थर इत्यादि पर 5% की दर से GST का भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत चन्हौता के अभिलेखों के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि की खरीद गई थी एवं पंचायत द्वारा इन्हें राशि ₹1173288/- भुगतान (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "4"** में दिया गया है।) किया गया था परन्तु उक्त क्रय सामग्री के अधिकतर आपूर्तिकर्ता GST पंजीकृत नहीं है। फर्मों द्वारा पंचायत को प्रस्तुत बिल प्रॉपर/टैक्स बिल/कम्प्यूटर जनरेटेड न होकर केवल सादे कागज, रसीद, कैश मैमों व परफोर्मा बिल ही हैं जिससे इन बिलों की सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी। यह न केवल अनुचित प्रक्रिया है अपितु एक प्रॉपर/टैक्स बिल के अभाव में सरकार को देय वस्तु व सेवा कर (GST) के तौर पर लगभग राशि ₹55870.87 की सम्भावित वित्तीय हानि भी हुई है।

उक्त गम्भीर प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 03 दिनांक 05-09-2024 के प्रत्युतर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त पत्र द्वारा सूचित कि, उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा पंचायत को केवल सादे कागज, रसीद, कैश मैमों व कुच्छ परफोर्मा बिल ही प्रस्तुत किया गए हैं यद्यपि पंचायत द्वारा इन बिलों पर भुगतान GST सहित किया गया है परन्तु इस सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के कारण यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि वास्तव में GST को सरकारी राजकोष में जमा करवाया गया है या नहीं इस मामले की पंचायत स्तर पर छानबीन करके कृत कार्रवाई से शीघ्र ही अंकेक्षण विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा एवं भविष्य में टैक्स बिलों पर ही भुगतान किया जायेगा।

अत: उक्त प्रकरण को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाये एवं उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा यदि कोई उक्त बिलों के सम्बन्ध में कर भुगतान किया गया हो तो उनका साक्ष्य अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ अंकेक्षण विभाग को शीघ्र प्रेषित किया जाये अन्यथा नियमविरुद्ध किये गए भुगतानों पर देय कर की पूर्ण गणना उपरान्त उक्त राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करके सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये। यह गम्भीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के समक्ष इस आशय से लाया जाता है कि; ऐसे प्रकरणों की गहन जांच की नितांत आवश्यकता है ताकि किसी भी प्रकार से कर अदेयता के मामलों की संभावना को पूर्णत: नकारा जा सके।

**8.4 संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकार को राशि ₹6000 की वित्तीय हानि बारे।**

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194(C) के अनुसार आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा भुगतान करने से पूर्व TDS की कटौती करना एवं उसे सरकारी कोष में समयबन्ध तिथि को जमा करवाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत चन्हौता के अभिलेखों के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान संलग्न **परिशिष्ट "7"** के अनुसार राशि ₹300000/- का भुगतान किया गया। परन्तु उक्त भुगतान करते समय स्त्रोत पर कर कटौती (TDS) नहीं की गई थी। जोकि न केवल आयकर अधिनियम के उपरोक्त प्रावधानों

की अवहेलना है अपितु इसके फलस्वरूप सरकारी राजस्व में राशि ₹6000/- (2%) की वित्तीय हानि आहरण व संवितरण अधिकारी के कारण हुई है।

इस अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-07 दिनांक 05-09-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि, टी.डी.एस.के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के अभाव में इसकी कटौती नहीं की गई परन्तु इस सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण में टी.डी.एस की कटौती किये बिना किये गये भुगतानों को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा आयकर अधिनियमों के तहत आहरण व संवितरण अधिकारी से उक्त राशि की वसूली ब्याज सहित करके तुरंत सरकारी राजकोष में जमा करवाया जाये इसके अतिरिक्त इस प्रकार के अन्य मामलों में अपने स्तर पर गणना करके राशि को जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये।

**8.5 ग्राम पंचायत द्वारा निष्पादित निर्माण कार्यों से सम्बंधित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन, मापन पुस्तिका इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करना :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक ,तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है।

ग्राम पंचायत की चयनित माहों की लेखा परीक्षा के दौरान निम्नविवरणानुसार राशि ₹1183735 के करवाए गए कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, प्राक्कलन, व प्रपत्र-34 इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए। जिसके अभाव में किये गए कार्यों व उसमें प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय, खपत, सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

| क्र०सं०/अनुदान | कार्य विवरण | स्वीकृत राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1.15th FC | कार्य: पक्का पाथ लूहणी | 200000 | Work Order and Technical sanction order,Format-34.etc |
| 2.15th FC | कार्य: पनिहार निर्माण परोल | 151698 | MB,Estimate Work Order and Technical sanction order,Format-34.etc |
| 3.15THFC | कार्य : पनिहार निर्माण शिव मंदिर | 150000 | do |
| 4.15THFC | कार्य : पक्का रास्ता वार्ड-2 | 182037 | do |
| 5. TASP | कार्य :बौंडरी वाल फेंसिंग सहित GSSS चन्हौता | 200000 | do |
| 6.14th FC | कार्य: पेनलिंग वर्क एट पंचायत घर | 300000 | Estimate, Work Order, Technical sanction order,Form13 C |
| | **कुल योग** | **1183735** | |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-06 दिनांक 05-09-2024 द्वारा पंचायत सचिव को उक्त अनियमितता के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। जिसका कोई भी उत्तर पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। अत: उक्त वांछित अभिलेखों को आगामी अंकेक्षण में दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**9.1 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही राशि ₹9.85 लाख के स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे।**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते व नियमावली 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की औपचारिकतायें यथा निविदायें, कुटेशन (Quatations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची ,आपूर्ति आदेश इत्यादि प्रावधित है।

परन्तु पंचायत के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा राशि ₹984548/- के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया। (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "3"** में दिया गया है।) जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। उक्त राशि की सामग्री व सेवाओं का क्रय औपचारिकतायें पूर्ण किए बिना ही किया गया। जिससे कि ग्राम पंचायत को न केवल बाजारी प्रतिस्पर्धा के लाभ से वंचित होना पड़ा बल्कि पंचायती राज अधिनियम 2002 के सरकारी नियमों की अवहेलना भी की गई, जोकि एक गम्भीर अनियमितिता है

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-05 दिनांक 05-09-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, भविष्य में नियमानुसार सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त ही क्रय किया जायेगा। उत्तर तर्कसंगत नहीं है एवं बिना कुटेशन के क्रय करना संदिग्ध प्रतीत होता है यह मामला उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है।

### 9.2 14वें वित्तायोग से राशि ₹0.30 लाख का दुर्विनियोजन

ग्राम पंचायत चन्हौता के व्यय वाउचरों के अवलोकन में पाया गया कि, पंचायत द्वारा 14वें वित्तायोग से रोकड़बही पृष्ठ संख्या 48 वाउचर संख्या 10 दिनांक 21-05-2022 को चैक संख्या 702113 दिनांक 23-05-2022 को श्री करतार सिंह को सादे कागज पर बिना किसी सामग्री/सेवा की आपूर्ति के राशि ₹30000 का भुगतान किया गया है जोकि संदिग्ध प्रतीत होता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-06 दिनांक 28-08-2024 द्वारा उक्त गम्भीर प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, किये गए भुगतान की प्रतिपूर्ति करके शीघ्र ही खाते में जमा करवा दी जाएगी। यह गम्भीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के समक्ष विशेष तौर पर लाया जाता है। अत: उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण ठोस तथ्यों के आधार पर उक्त व्यय को न्यायोचित ठहराते हुए अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ प्रेषित करें अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर उक्त राशि की प्रतिपूर्ति व्याज सहित करके शीघ्र ही सम्बन्धित खाते में जमा करवा दी जाये तथा कृत कार्रवाई/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**9.3 ग्राम पंचायत द्वारा निष्पादित निर्माण क्रय के दौरान बची हुई शेष सामग्री लागत राशि ₹2521 का सम्भावित दुरूपयोग।**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **चैप्टर-8 नियम 69 के अनुसार** सारा स्टोर (सामान) जब प्राप्त किया जाता है, उसका यथास्थिति, परिक्षण, गणना, माप या तोल किया जायेगा और तुरंत स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्ट किया जायेगा।

ग्राम पंचायत के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्न कार्य के निष्पादन हेतु निम्नविवरणानुसार (व **परिशिष्ट "9")** 65 बैग सीमेंट का क्रय किया गया लेकिन माप पुस्तिका के अवलोकन में पाया गया कि सीमेंट के केवल 59.31 बैग की ही खपत हुई शेष बचे 5.69 सीमेंट बैग जिसकी लागत राशि ₹2521 थी उसका का न तो स्टॉक में बकाया शेष दर्शाया गया और न ही इसकी आगे कोई खपत दिखाई गई। इसके अतिरिक्त मापन पुस्तिका को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित भी नहीं किया गया था जो अनुचित व संदिग्ध प्रतीत होता है।

| **1. Work: Pucca path at Luhni Head 15th FC MB No.29981 Page – 53-55** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Item no. & Nomenclature** | **Executed Qty.** | **Cement Consumed** | **Cement Purchase** | **Material Balance** | **Amount Rate/ bag** |
| **1.** | **2.** | **3. (2*4.40)** | **4.** | **5. (4-3)** | **6.** |
| 1. P/L CC 1:3:6 | 13.48m3 | 13.48x4.4=59.31 | 65 Bags | 5.69 Bags | 2520.67<br>443*5.69 |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनांक 06-09-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ वस्तुगत स्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा बताया गया कि, निर्माण कार्यों के दौरान शेष बची सामग्रियों की पंचायत स्तर पर छानबीन उपरान्त कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को सूचित कर दिया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है। अतः उक्त प्रकरण में शेष बची सामग्री के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण ठोस तथ्यों व अभिलेखों के आधार पर न्योयचित ठहराते हुए शीघ्र ही अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ प्रेषित करें अन्यथा उक्त सामग्री की प्रतिपूर्ति सम्बन्धित कर्मचारियों से नियमानुसार करके शीघ्र

ही खातों में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये एवं अन्य ऐसे मामलों की विभागीय स्तर पर छानबीन उपरान्त अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.4 निर्माण कार्यों में विविध अनियमितताओं के कारण राशि ₹7719 का अधिक भुगतान।**

हि०प्र० पंचायती राज ((वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के **चैप्टर- 9 नियम 76** के अनुसार सम्बन्ध पंचायत का सचिव यदि कोई पंचायत निधि से किये गए अति संदाय/अधिक भुगतान, चाहे सदभाव से किया गया है, की तत्पर वसूली करने का जिम्मेदार होगा।

ग्राम पंचायत द्वारा निष्पादित निर्माण कार्य की माप पुस्तिकाओं के अवलोकन में पाया गया कि, निम्नविवरणानुसार (व **परिशिष्ट "9")** के अनुसार पक्का पाथ कार्य में स्टोन सोलिंग व ग्राउंड ड्रेसिंग उपरान्त उस पर सीमेंट कंक्रीट का कार्य किया जाना था जिसके अंतर्गत तकनीकी सहायक द्वारा माप पुस्तिका में कुल निष्पादित ग्राउंड ड्रेसिंग व स्टोन सोलिंग की मात्रा से 4.80 m3 का अधिक सीमेंट कंक्रीट कार्य दर्शाया गया हैं जोकि न तो कार्य के प्राक्कलन में दिया गया था और न ही माप पुस्तिका को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया गया जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है।

| **Work: Pucca path at Luhni Head 15th FC MB No.29981 Page – 53-55** | | |
|---|---|---|
| **Work Item & Nomni.** | CC Qty. Executed as per MB But for this no corresponding entry of Stone Soiling and Ground Dressing Found/recorded in MB | Qty. & Rate |
| 3.P/L CC 1:3:6 | 4.80m3 | 4.80*432.95 |
| A. Total Amount Qty.*rate | | ₹2078.16 |
| B. Less Contractor profit 15% (2078.16x15/100 i.e 311.72) 2078.16-311.72 | | ₹1766.44 |
| C. Add Labour Enhancement 337% on 1766.44 i.e 5952.90 | | ₹5952.90 |
| **Total Amount Overpaid (B+C)** | | **₹7719.34** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनांक 06-09-2024 के प्रत्युत्तर में तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, मामले की जाँच उपरान्त कृत कार्रवाई से अंकेक्षण विभाग को सूचित कर दिय जायेगा। प्रस्तुत उत्तर सन्तोषजनक नहीं है चूँकि बिना ग्राउंड ड्रेसिंग व स्टोन सोलिंग के कंक्रीट कार्य संदिग्ध प्रतीत होता है अतः उक्त प्रकरण को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उक्त राशि की प्रतिपूर्ति शीघ्र ही खाते में जमा करवा दी जाये एवं इस प्रकार के अन्य मामलों की विभाग स्तर पर गहनता से जाँच की जानी सुनिश्चित की जाये अनुपालना लेखा परीक्षा में वांछित है।

**9.5 प्राक्कलन व सक्षम अधिकारी के अनुमोदन बिना राशि ₹0.46 लाख की अतिरिक्त मदों (Extra items) का निष्पादन करने बारे।**

ग्राम पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार माप पुस्तिका व प्राक्कलन के अवलोकन में पाया गया कि तकनीकी सहायक द्वारा प्राक्कलन में न होने के बाबजूद निम्न अतिरिक्त मदों का निष्पादन किया गया और न ही इस सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी से स्वीकृति ली गई है जोकि नियमानुसार अनुचित प्रतीत होता है।

| **Work: Pucca path at Luhni Head 15th FC MB No.29981 Page – 53-55** | | | |
|---|---|---|---|
| **Item no. & Nomenclature** | **Executed Qty.** | **Qty. & Rate** | **Amount as per MB** |
| **1.** | **2.** | **3.** | **4.** |
| 4. Dry Rubble masonary | 1.90m3 | 1.90x200.45 | ₹380 |
| 5. Collection of Stone | 1.90m3 | 1.90 x 350 | ₹665 |
| 6. Carrige of stone | 1.90m3 | 1.90 x 185.08 | ₹351 |
| 7. Collection of Soling Stone | 23.14m3 | 23.14 x 300 | ₹6942 |
| 8. Carrige of Soling Stone | 23.14m3 | 23.14 x 171.18 | ₹3961 |
| A. Total Amount (Qty.*rate) | | | ₹12303 |
| B. Less Contractor profit 15% (12303x15/100 i.e 1845.45) | | | ₹10457.55 |
| C. Add Labour Enhancement 337% on 10457.55 i.e 35241.94 | | | ₹35241.94 |
| **Total Amount (B+C)** | | | **₹45699.49** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनांक 06-09-2024 के प्रत्युत्तर में तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, निर्माण कार्य के दौरान निष्पादित Extra items की सक्षम अधिकारी से स्वीकृत ले ली जाएगी। अत: उक्त कार्य के अंतर्गत प्राक्कलन में प्रावधित न होने के बावजूद तथा बिना सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के अतिरिक्त मदों का निष्पादन किया जाना अनियमित व संदिग्ध है। अत: उक्त अतिरिक्त मदों के निष्पादन की कार्योतर स्वीकृति सक्षम अधिकारी से लेकर किये गए व्यय को नियमित करवाया जाये अन्यथा उक्त राशि की प्रतिपूर्ति सम्बन्धित कर्मचारी से करके शीघ्र ही खाते में जमा करवा दी जाये अनुपालना लेखा परीक्षा में वांछित है।

**9.6 माप पुस्तिकाओं में बिना लीड (दूरी) दर्शाए पत्थर ढुलाई पर राशि ₹0.16 लाख का अनियमित व्यय।**

ग्राम पंचायत के नमूना अंकेक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाओं के अवलोकन में पाया गया कि निम्नविवरणानुसार कार्य में 25.04m3 पत्थर की ढुलाई कार्यरत लेबर द्वारा दर्शाई गई है जिसके एवज में राशि ₹16017 का भुगतान कार्यरत लेबर को (मद पत्थर ढुलाई हेतु) किया गया है। आगे अवलोकन में पाया गया कि, माप पुस्तिका में लेबर द्वारा पत्थर की ढुलाई की दूरी (लीड) दर्ज नहीं की गई है और न ही उक्त मद को सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया है जिससे कि उक्त मद के तहत किये गए भुगतान की सत्यता व प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

| **Name of Work : Pucca path at Luhni Head 15th FC MB No.29981 Page - 53-55** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Nomenclature** | **Executed Qty.** | **Rate** | **Amount** | **Remrks** |
| 6. Carrige of stone | 1.90m3 | 185.08 | ₹351 | No lead shown in MB |
| 8. Carrige of Soling Stone | 23.14m3 | 171.18 | ₹3961 | ............do............ |
| A. Total Amount (Qty.*rate) | | | ₹4312 | ₹4312 |
| B. Less Contractor profit 15% (4312x15/100 i.e 646.80) | | | | ₹3665.20 |
| C. Add Labour Enhancement 337% on 3665.20 i.e 12351.72 | | | | ₹12351.72 |
| **Total Amount (B+C)** | | | | **₹16016.92** |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-10 दिनांक 21-08-2024 द्वारा उक्त प्रकरण पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, अनियमित व्यय की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति लेकर नियमित करवाया जायेगा। अतः उक्त मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**9.7 पंचायत की माप पुस्तिकाओं के रख-रखाव में पाई गई विविध अनियमितताओं बारे।**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के चैप्टर-11 के नियम 101 (ग) के अनुसार तकनीकी सहायकों की माप पुस्तिकाओं को कनिष्ट अभियंता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत के तकनीकी स्तर पर करवाए गए निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाओं के अवलोकन में पाया गया कि यह उक्त नियमानुसार कनिष्ट अभियंता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं की गई थी जिससे की अभिलेख की सत्यता व प्रमाणिकता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी तथा सामग्री खपत विवरण तैयार नहीं किया गया था जोकि न केवल अनुचित हैं अपितु इसके अभाव में यह ज्ञात करना जटिल हो जाता है कि वास्तव में कितनी सामग्री किसी कार्य विशेष हेतु क्रय की गई कितनी उपभोग की तथा कितनी शेष बची ?

इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 11 दिनांक 06-09-2024 के प्रत्युत्तर में कहा गया कि भविष्य में उक्त अनियमितताओं की पुनरावृत्ति नहीं की जाएगी। उत्तर संतोषजनक नहीं हैं उक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

**9.8 मूल्यांकन किये बिना ही राशि ₹3.49 लाख के निर्माण कार्यों का अनियमित भुगतान**

हि०प्र० पंचायती राज ((वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 106 के अनुसार अंतिम भुगतान से पूर्व अंतिम निर्धारण रिपोर्ट प्रेषित करना तथा नियम 107 के अंतर्गत वर्णित दशाओं के उपरान्त नियम 101(2)(i) के अनुसार कार्य के पूर्ण होने के पंद्रह दिनों की भीतर उनकी पैमाइश की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत चन्हौता द्वारा निष्पादित निर्माण कार्यों के अवलोकन में पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार राशि ₹349199 के निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के काफी लम्बे समय तक भी तकनीकी सहायक द्वारा कार्यों की पैमाइश/ मूल्यांकन नहीं किया गया है एवं पंचायत द्वारा बिंना पैमाइश/ मूल्यांकन के भुगतान कर दिया गया है। जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है।

| क्र० | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | अंकेक्षण अवधि तक व्यय राशि | कार्य पूर्ण तिथि | कार्य की वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पनिहार निर्माण परोल | 151698 | 45780 | अप्रैल, 2024 | पूर्ण |
| 2. | पनिहार निर्माण शिव मंदिर | 150000 | 124382 | नवम्बर, 2023 | पूर्ण |
| 3. | पक्का पाथ वार्ड 2- | 182037 | 179037 | अक्टूबर, 2023 | पूर्ण |
| | **कुल योग** | **483735** | **₹349199** | | |

इस अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 05-09-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, तकनीकी सहायक द्वारा उक्त निर्माण कार्यों की समाप्ति उपरान्त भी माप पुस्तिकाओं में कार्यों की पैमाइश/मूल्यांकन नहीं किया गया जिससे लेबर द्वारा भुगतान प्राप्त न होने पर शिकायतों के उपरान्त भुगतान करना पड़ा। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: उक्त प्रकरण में लम्बे समय तक माप पुस्तिका में मूल्यांकन न किये जाने एवं बिना मूल्यांकन के भुगतान को ठोस तथ्यों के आधार सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त न्योयचित ठहराते हुए अपना स्पष्टीकरण अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ शीघ्र प्रेषित करें अन्यथा उक्त राशि की प्रतिपूर्ति करके शीघ्र ही खाते में जमा करवा दी जाये कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये।

### 9.9 बिना अनुदान के निर्माण कार्यों पर राशि ₹3.35 लाख का अनियमित व्यय।

ग्राम पंचायत के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार राशि ₹335287 का व्यय विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत करवाये जाने वाले कार्यों पर किया

गया चूँकि इन समस्त योजनाओं का संधारण एक ही रोकड़बही व एकल बैंक खाते के माध्यम से सामान्य, सभा निधि के साथ किया जा रहा है। आगे अवलोकन में पाया गया कि इन योजनाओं के तहत संचालित कार्यों हेतु प्राप्त किस्तों में से अधिक राशि का व्यय अन्य अनुदानों व सभा निधि में से किया गया जोकि अनुचित है।

| अनुदान | कार्य का नाम | स्वीकृतराशि | कुल प्राप्ति | कुल व्यय | अधिक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. (4-5) |
| 1. VKVNY | सरायें निर्माण जुआ | 200000 | 60000 | 193134 | 133134 |
| 2.NUCLES | पक्का रास्ता सुकराह | 100000 | 0 | 61250 | 61250 |
| 3. NUCLES | प्रोटेक्शन कार्य मस्त राम के घर के पास | 100000 | 0 | 47730 | 47730 |
| 4. NUCLES | प्रोटेक्शन कार्य सुनील कुमार के घर के पास | 100000 | 0 | 48040 | 48040 |
| 5. TASP | चार दिवारी फेंसिंग सहित GSSS चन्हौता | 200000 | 60000 | 105133 | 45133 |
| | **कुल योग** | **₹700000** | **₹120000** | **₹455287** | **₹335287** |

इस अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 05-09-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, उक्त करवाये गए कार्यों के अंतर्गत अनुदान की किस्तें समय पर प्राप्त न होने के कारण इनका व्यय सामान्य खाते से करना पड़ा सम्बंधित अनुदानों की किस्तें प्राप्त होने पर शीघ्र ही यह हस्तांतरित कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है। अत: उक्त व्यय को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त न्यायोचित ठहराये जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

## 9.10 बिना प्रॉपर/टैक्स बिलों के राशि ₹8.70 लाख के स्टोर/स्टॉक का अनियमित भुगतान

ग्राम पंचायत चन्हौता के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "8"** के अनुसार राशि ₹870148 का भुगतान विभिन्न सामग्रियों के क्रय की एवज में किया गया परन्तु इन बिलों के अवलोकन में पाया गया कि यह बिल प्रॉपर/टैक्स बिल न होकर अभिस्वीकृति सहित सादे कागज पर रसीद मात्र, कैश मैमों तथा परफोर्मा बिल हैं इसके अतिरिक्त अधिकतर बिलों पर वेन्डर/आपूर्तिकर्ता का विवरण, GST/TIN संख्या, बिल क्रमांक इत्यादि अंकित नहीं है एवं बिलों पर दिनांक भी हस्तलिखित है एवं बिल संख्या पंचायत द्वारा बिलों पर स्वयं आवंटित की गई है। जिससे कि इनकी सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी इस प्रकार के बिलों की कुच्छ चयनित माहों के प्रतिलिपियाँ इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर संलग्न हैं।

